छोटी-छोटी कन्याएं

देखी तेरे दरबार माँ,
छोटी-छोटी कन्याएं ।
लीला करें अपार माँ,
छोटी-छोटी कन्याएं ॥

हल वो सवाल करें,
सबको निहाल करें ।
बांटे रे सच्चा प्यार माँ,
छोटी छोटी कन्याएं ॥
देखी तेरे दरबार माँ,
छोटी-छोटी कन्याएं ।
लीला करें अपार माँ...

मुख मंडल का तेज न्यारा,
कहते हैं वो रूप तुम्हारा ।
प्यारी प्यारी भोली भाली,
बातें करती बहुत निराली ।
बड़ी दयावान है वो,
देती वरदान है वो ।
बेड़े लगाती पार माँ,
छोटी-छोटी कन्याएं ॥
देखी तेरे दरबार माँ,
छोटी-छोटी कंजकाऐं ।
लीला करें अपार माँ....

जो जन उनका करें अनादर,
दुख से भटके वो तो दर दर ।
चरण छुएगें जो भी मन से,
सुखी रहेंगे सुख के धन से ।
मीठी मीठी बातों से,
प्यारी करामातों से ।
देती है कार्य संवार माँ,
छोटी-छोटी कन्याएं ॥
देखी तेरे दरबार माँ,
छोटी-छोटी कन्याएं ।
लीला करें अपार माँ ....

हस के वह थपकी जिसको देती,

सारे संकट हर वो लेती ।
तेरी तरह ही से महामाया,
कोई ना जाने उनकी माया ।
नाम के दीवानों के,
जोगी मस्तानो के ।
सपने करें साकार माँ,
छोटी-छोटी कन्याएं ॥
देखी तेरे दरबार माँ,
छोटी-छोटी कन्याएं ।
लीला करें अपार माँ....

देखी तेरे दरबार माँ,
छोटी-छोटी कन्याएं ।
लीला करें अपार माँ,
छोटी-छोटी कन्याएं ॥

स्वर : लता मंगेशकर

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22759/title/Choti-Choti-Kanyaen

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |